मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार 11 हजार 466 मेगावॉट बिजली की सप्लाई

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)। मध्यप्रदेश में बिजली सेक्टर के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष नवम्बर में ही बिजली की माँग में नित नए रिकार्ड बन रहे हैं। बिजली इतिहास में पहली बार बिजली की माँग 11 हजार 466 मेगावॉट से ऊपर पहुँच गई। बिजली की माँग की बढ़ोत्तरी का मुख्य कारण रबी सीजन में किसानों को 10 घंटे गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली की आपूर्ति है। सभी बिजली उपभोक्ताओं को रोशनी के लिए 24 घंटे बिजली की सतत सप्लाई भी की जा रही है।

प्रदेश में 11 नवम्बर को सुबह 9 बजे बिजली की सर्वोच्च माँग का ऐतिहासिक रिकार्ड उस समय बनाए जब बिजली की माँग 11 हजार 466 मेगावॉट के शिखर पर पहुँच गई। ऊर्जा मंत्री पारस जैनए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा इकबाल सिंह बैंस एवं पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक संजय कुमार शुक्ल ने बिजली माँग की सप्लाई के लिए अभियंताओं तथा कार्मिकों को बधाई दी है। इससे पूर्व 23 दिसम्बरए 2016 को प्रदेश में बिजली की सर्वोच्चतम माँग 11 हजार 421 मेगावॉट दर्ज हुई थी। पूर्व के दो वर्ष में बिजली की माँग दिसम्बर माह में निरंतर बढ़ती रही हैए किन्तु इस वर्ष प्रदेश में कम वर्षा होने के कारण करीब डेढ़ माह पूर्व ही बिजली की माँग और सप्लाई में निरंतर बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। पिछले 6 दिन से बिजली की माँग 11 हजार मेगावॉट से ऊपर दर्ज हुई है।

11 नवम्बर को जब बिजली की माँग 11 हजार 466 मेगावॉट दर्ज हुईए उस समय बिजली की सप्लाई में पॉवर जनरेटिंग कम्पनी के ताप विद्युत गृहों से 1.950 मेगावॉट तथा जल विद्युत गृहों से 345 मेगावॉट, इंदिरा सागर.सरदार सरोवर.ओंकारेश्वर जल विद्युत परियोजना का अंश 296 मेगावॉटए एनटीपीसी और डीवीसी सेंट्रल सेक्टर का अंश 2.895 मेगावॉटए सासन अल्ट्रा मेगा पॉवर प्रोजेक्ट का अंश 1.333 मेगावॉटए आईपीपी का अंश 1.310 मेगावॉट रहा और बिजली बैंकिंग से 2.117 मेगावॉट बिजली प्राप्त हुई। अन्य नवकरणीय स्रोत से 1.218 मेगावॉट बिजली मिली।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी जबलपुर रीवा तथा सागर में बिजली की माँग 2.871 मेगावॉट मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी,भोपाल एवं ग्वालियर में 3.716 मेगावॉट और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी इंदौर एवं उज्जैन में 4.878 मेगावॉट दर्ज की गई है।

भोपाल में शनिवार को फिल्म पदमावती के खिलाफ संस्कृति बचाओ मंच ने विरोध प्रदर्शन किया।

मोटर सायकल दुर्घटना में दो गंभीर

डाबुगॉं 13 नवम्बर (सन्यूस)। डाबुगॉं ब्लाक के अंचला पंचायत से गत 11 नवम्बर की रात्रि डाबुगॉं लौट रहे दो लोग मोटर सायकल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

घटना की जानकारी के अनुसार डाबुगॉं के क्षेत्रीय साधन केन्द्र संयोजक हेमधर नायक एवं मनरेंगा योजना के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुधांशु साहू गत 11 नवम्बर को बाल दिवस कार्यक्रम के आयोजन संबंधी शासकीय कार्य से अंचला पंचायत मुख्यालय में गये हुये थे। वहां से रात्रि को वापस डाबुगाँ लौट रहे थे कि चिकिली जंगल के पास उनकी मोटर सायकल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में श्री नायक एवं श्री साहू मोटर सायकल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बारे में स्थानीय ग्रामीणों को पता चलते ही वे किसी तरह बेहोश पड़े दोनों घायलों को डाबुगॉं के सामुदायिक चिकित्सालय पंहुचाया।

दोनों घायलों को हाथ, पैर एवं सिर में गंभीर चोंटे आई है। सुधांशु शेखर साहू की स्थिति अत्यधिक गंभीर होने के कारण डाबुगॉं के चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार हेतु जैपुर एवं वहां से विशाखापटनम रेफर कर दिया गया है। होश में आने पर हेमधर नायक ने बताया है कि, अंचला पंचायत से वे पेशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक ओआर 24 बी 4803 पर सवार होकर डाबुगॉं लौट रहे थे कि, चिकिली जंगल के पास रात्रि के समय किसी जंगली जानवर के अचानक मोटर सायकल के सामने आ जाने पर वे उससे टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गये।

समाचार संक्षेप

भोपाल रेलवे स्टेशन के विकास के लिए नहीं मिल रहे ठेकेदार

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)। मप्र के भोपाल रेलवे स्टेशन के री. डेवलपमेंट के लिए रेलवे 6 बार निविदा आमंत्रित कर चुकी है किंतु अभी तक रेलवे को ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। भोपाल रेलवे स्टेशन की री .डेवलपमेंट की छठवीं निविदा 8 नवंबर को मंगाई गई थी। किंतु इसमें भी कोई डेवलपर सामने नहीं आया। रेलवे के अधिकारियों ने अब इसकी जानकारी रेलवे बोर्ड को भेजकर निर्देश मांगे हैं। अब रेलवे बोर्ड जो मैसेज भेजेगाए उसके बाद ही री डेवलपमेंट के बारे में निर्णय लिया जा सकेगा। भोपाल स्टेशन के री डेवलपमेंट प्लान के कारण भोपाल रेलवे स्टेशन के सभी काम लगभग बंद कर दिए गये थे। भोपाल रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर वीआईपी लाउंज तैयार होना था। और भी कई विकास कार्य होने थे जो बंद कर दिए गए थे। अब रेलवे बोर्ड क्या निर्देश देता है। उसके बाद ही भोपाल रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों के बारे में यहां के अधिकारी कार्यवाही शुरू कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय रेलवे की जमीन और स्टेशनों को निजी क्षेत्र को सौंपना चाहता है। किन्तु बाजार में जिस तरह की मंदी देखने को मिल रही है। उसके बाद कोई भी डेवलपर निवेश करने सामने नहीं आ रहा है।

पीएचई कर्मचारी ने फांसी लगाई

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)। राजधानी के कमलानगर थाना इलाके में रहने वाले पीएचई कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने खुदकुशी क्योंकि इसके कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मकान नम्बर एस.463ए नेहरू नगर में परिवार सहित रहने वाले विष्णु शर्मा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हेल्पर के पद पर पदस्थ थे। बीती रात विष्णु शर्मा ने परिवार के साथ खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चले गये। अगली सुबह जब वो काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आये तब परिवार वाले उन्हें जगाने उनके कमरे में पहुंचे जहां उनका शव पंखे पर झूलता नजर आया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने मर्ग कायमकर शव को पीएम के लिये मरचूरी भेजा जहां से पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक खुदकुशी क्योंकि इसके कारणों का खुलासा नहीं हो पाया हैए वहीं घटनास्थल की छानबीन के दौरान भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा। जांच टीम ने बताया कि मृतक के परिवार वालों सहित उनके साथ काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की जायेगी जिसके बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

निर्माणधीन पंचबालयति जिनालय का अवलोकन करने पहुंचे आचार्य श्री के शिष्य

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आर्शीवाद से बन रहे श्री पंचबालयति जिनालय के निर्माण कार्य का अवलोकन करने आज आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री निर्णयसागर महाराज एवं मुनिश्री पदमसागर महाराज जैन मंदिर हबीबगंज पहुंचे। यहां संयोजक प्रदीप नौहरकला के नेतृत्व में समाज जनों ने मुनिसंघ की भव्य अगुवानी की। मूल नायक भगवान आदिनाथ के दर्शन करने के बाद मुनिसंघ मंदिर प्रांगण में निर्माणधीन पंचबालयति त्रिकाल चौबीसी जिनालय के विकास कार्य का अवलोकन करने पहुंचे। मुनिसंघ के सानिध्य में जिनालयों में संचलित विभिन्न पाठशालाओं के बच्चों ने संगीतमय स्वरलहरियों के साथ भगवान आदिनाथ की पूजा अर्चना और आचार्य श्री के गुणों की वंदना की। ब्रह्मचारी सुमत भैया के निर्देशन में श्री शांतिनाथ विधान के अर्ग समर्पित किए गये। मुनिश्री निर्णयसागर महाराज ने आशीष वचन में कहा सदकर्मों के अनुकरण से ही मिलती है मंजिल। संयम के मार्ग पर चलने से मोक्ष रूपी फल की प्राप्ति होती है। आदर्शवाद आपने आप में बहुत महत्वपूर्ण होता है। भारतीय संस्कृति में संस्कारों और आदर्शवाद से ही हमारे महापुरूषों ने देश को नई दिशा और दशा दी। मुनिश्री ने कहा सम्यक दर्शनए सम्यक ज्ञानए सम्यक चारित्र तीनों को साथ चलना ही मोक्ष मार्ग है। मुनिश्री ने आचार्य श्री के चतुर्मास की यादें ताजा करते हुए कहा कि चार माह में हमारेगुरू आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने जीवन जीने और आत्म कल्याण के जो सूत्र बताये उन्हें कभी मत भूलना।

कटनी में 50 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा अंतर्राज्यीय बस स्टैंड

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश विकास यात्रा के दूसरे पड़ाव में आज कटनी पहुँचे। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले के समग्र विकास के साथ कटनी में 50 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड बनवाने की घोषणा की। चौहान ने स्लीमनाबाद में शीघ्र ही तहसील कार्यालय प्रारंभ करवाने का आश्वासन भी दिया।

.वर्ल्ड बुक ऑफरिकार्डस मे कटनी का कैरी बेग निर्माण दर्ज

कटनी जिले में अनुपयोगी कागज का इस्तेमाल कर एक इतिहास रचा गया है। इस कार्य को करके लोगों को संदेश दिया गया है कि कोई भी चीज अनुपयोगी नहीं होती। जिले के झिंझरी ग्राम में पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिये किये गये प्रयास से यह इतिहास रचा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में अनुपयोगी पेपर्स के उपयोग से एक साथ एक स्थान पर पचास हजार कैरी बेग बनाये गये। कटनी में बने इस रिकॉर्ड को लंदन के श्वर्ल्ड बुक ऑफरिकार्डसश् में दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जीवन बचाना हैए तो पर्यावरण को बचाना होगा। पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन पॉलीथिन है। इसका चलन कम करने का निरंतर प्रयास करना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कटनी के दाल उद्योग को संकट से उबारने के प्रयास किये जाएंगे। माधवनगर निवासियों के पट्टों की समस्या का समाधान किया जाएगा। माधव नगर क्षेत्र को सिंधी तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कटनी में शासकीय कन्या महाविद्यालय के लिये भवन निर्माण और करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की। चौहान ने कटनी में 20 करोड़ रुपये की लागत से 200 सीटर नर्सिंग महाविद्यालय की स्थापना और शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सायंकालीन क्लासेस प्रारंभ कराने की मंजूरी भी दी। मुख्यमंत्री की विकास यात्रा के दौरान कटनी शहर को एक और रिंग रोड की बड़ी सौगात भी मिली। चौहान ने कटनी.शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.78 से जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.7 को जोड़ने के लिये 81 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपये की लागत से पुरानी कचहरी में मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण और जिला चिकित्सालय को 150 बिस्तरों की क्षमता से अपग्रेड करने की घोषणा भी की। उन्होंने शहर के मध्य स्थित चांडक चौक से जुहला रपटा तक सड़क चौड़ीकरण की मंजूरी भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की हर तकलीफ में राज्य सरकार उनके साथ है। भावान्तर भुगतान योजना सतत् रुप से चलेगी। चौहान ने चरण पादुका योजना में प्रत्येक महुआ एवं तेन्दूपत्ता संग्राहक के पांव में पादुका पहनवाने का संकल्प दोहराया। पीने के पानी की कुप्पी भी तेन्दूपत्ता और महुआ संग्रहण करने वालों को वितरित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि आदमीए आदमी को ढोयेए आज के दौर में यह अच्छा नहीं है। इसलिये साईकिल रिक्शा वालों को धीरे.धीरे ई.रिक्शा का मालिक बनाया जायेगा और जमीन का पट्टा भी दिलाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अविवादित नामांतरण और बँटवारा के प्रकरणों के निराकरण के लिये अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के बाद भी कोई पात्र हितग्राही बचता है तो प्रकरण पेंडिंग रखने वाले अधिकारी और कर्मचारी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अध्यापकों की नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदेश की बेटियों का होगा। राज्य सरकार ने सभी विभागों की नौकरी में लाड़लियों के लिये 33 प्रतिशत का आरक्षण सुनिश्चित किया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राज्य सरकार जनसुरक्षा विधेयक लेकर आ रही हैए जिसे कानून बनाने के लिये राष्ट्रपति को भेजेंगे। इसमें मासूम बेटी से दुराचार करने वाले व्यक्ति को फाँसी का प्रावधान होगा। मुख्यमंत्री ने जन.समुदाय को सपनों का मध्यप्रदेश बनाने के लिये अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया।

खेल यात्रा के दौरान हुई दोस्ती, बाहर आकर की चैन लूट की वारदात

भोपाल , 13 नवम्बर (ए)। निशातपुरा पुलिस ने दो चैन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। वदमाशों ने बीते दिनों इलाके में वारदात को अंजाम दिया था। अफसरों ने बताया कि चार नवम्बर की शाम को पंचवटी कालोनी निवासी श्रीमती ममता तिवारी के साथ अपने घर पैदल जाते वक्त उनके घर के पास ही मोटरसाईकिल सवार दो अज्ञात लुटेरों ने पीछे से आकर उनके गले से चैन झपट ली थी। मामले में थाना निशातपुरा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस टीम द्वारा लगातार संदिग्धों की धरपकड् कर पूछताछ की गई साथ ही बदमाशों के हुलिये के आधार पर स्पष्ट हुआ कि निशातपुरा क्षेत्र के दो शातिर बदमाश गोलू उर्फ गुलाब सिं मेहर उर्फ दबंग व सोनू यादव उर्फ सुन्ना द्वारा यह घटना की गई है एवं इस घटना में उनके द्वारा प्लेटिना मोटर साईकिल का उपयोग किया गया है। टीम द्वारा बदमाशों की संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई तथा मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। इसी दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली की ये दोनों बदमाश प्लेटिना मोटर साइकिल से पीपुल्स माल से करोंद चौराहे तरफ आ रहे है। करोंद चौराहे पर टीम द्वारा दोनों संदेहियों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया।

जिनसे सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया और बताया कि लूट करने के बाद से मण्डीदीप में सुनारों को माल बेचने गये थे। लेकिन माल नहीं बिकने पर वापस भोपाल आ रहे थे। पूछताछ के बाद गोलू दबंग से लूटा गया मंगलसूत्र पुलिस ने बरामद किया है तथा घटना में प्रयुक्त् मोटरसाइकिल प्लेटिना एमपी04 एमपी 3682 जप्त की गई है।

जनसम्पर्क मंत्री डॉ.मिश्र ने किया 70 करोड़ की नल-जल योजना का शिलान्यास

भोपाल, 13 नवम्बर (सन्यूस)। जनसम्पर्क, जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने दतिया जिले के ग्राम बहरूका में आज 70 करोड़ रूपये की लागत से 64 ग्रामों के लिए उपयोगी मुख्यमंत्री नल.जल योजना का शिलान्यास किया।

डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने गाँवए गरीबए किसान के लिए जो योजनाएं बनाई हैं, उनसे लाभान्वित होने के लिए ग्रामीणजन आगे आएं। सरकार किसानों की भलाई के लिए काम कर रही है। डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि अब सूखा राहत का भी ऐलान किया गया है। हर किसान को सूखा राहत राशि मिलेगी। डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि कृषक फसल क्षति की पूर्ण जानकारी क्षति.पूर्ति पत्रक में अवश्य भरवाएं। उन्होंने भावांतर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि किसान को उपज का पूरा दाम देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। दतिया में हजरत गुलजार शाह बाबा की दरगाह पर 53वां उर्स समारोह शानदार कव्वालियों के मुकाबले के साथ आयोजित हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनसम्पर्क मंत्री डॉण् नरोत्तम मिश्र ने हजरत गुलजार शाह दरगाह पर चादर पेश की। उन्होंने आगरा, जयपुर से आए प्रसिद्ध कव्वाली गायक.गायिकाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारियों ने जनसम्पर्क मंत्री का भी स्वागत किया। डॉ. नरोत्तम मिश्र ने दतिया मेडिकल कॉलेज परिसर में उद्यान निर्माण के लिए वृक्षारोपण किया। जन सहयोग से सम्पन्न वृक्षारोपण के समय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. राजेश गौर, विक्रम सिंह बुन्देला सहित जनप्रतिनिधि और अनेक अधिकारी, नागरिक उपस्थित थे।

भोपाल में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वार्गीय मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनूठी पहल

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के अभियान में राज्य सरकार और सरकारी निकाय अनवरत अपना योगदान देकर महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी ने उज्जैन की कुछ बस्तियों में बिजली बिल वितरण और बिजली बिल प्रभार वसूली का दायित्व महिला स्व सहायता समूह को सौंपने की योजना आरंभ कर दी है। महिला स्वसहायता समूह को इसके ऐवज में कंपनी कमीशन देगी जिससे जहॉ एक ओर महिलाओं को रोजगार मिलेगाए वहीं बिजली कंपनी को वसूली करने में आसानी होगी।

गरीब कल्याण योजनाओं का पोर्टल बनेगा- चौहान

भोपाल, 13 नवम्बर (सन्यूस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिये एकीकृत गरीब कल्याण पोर्टल बनेगा। युवाओं के कौशल उन्नयन और स्वरोजगार पर फोकस के लिये युवा शक्तिकरण मिशन बनेगा। मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार और राज्य बीमारी सहायता योजना के आवेदन और स्वीकृति की प्रक्रिया ऑन लाईन होंगी। गंभीर रोगों की पहचान के लिये शिविर लगेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा भू.अधिकार अभियान की जमीनी हकीकत की समीक्षा की जायेगी। मासूम बच्चियों के साथ दुराचार करने वाले नर पिशाचों को मृत्यु दंड देने जन सुरक्षा विधेयक पारित करवा कर केन्द्र सरकार से राज्य सरकार अनुरोध करेगी। अगले वर्ष से शराब के अहातों की व्यवस्था समाप्त होगी। चरण पादुका योजना का क्रियान्वयन जनवरी से शुरू हो जायेगा। सहरियाए भारियाए और बैगा परिवारों को आगामी तीन वर्षों में प्रधानमंत्री आवास प्राथमिकता के साथ दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दिल से कार्यक्रम में प्रदेश की जनता के साथ रेडियो के माध्यम से सीधा संवाद करते हुए ये घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार गरीब की हर जरूरत पूरा करेगी। गरीब के पैरों में कांटा भी नहीं लगने पायेए इस भाव से सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। राज्य सरकार गरीबों की मूलभूत आवश्यकता की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। चौहान ने खेती को लाभकारी बनाने के लिये किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुये कहा कि भावांतर भुगतान योजना पर संशय निर्मूल है। इस योजना को फसल का वाज़िब मूल्य दिलाने का पहला सफल प्रयोग बताते हुए उन्होंने कहा कि योजना में फसलों के समर्थन मूल्य और तीन राज्यों के बिक्री मूल्यों का औसत मॉडल रेट का भावांतर किसानों को मिल रहा है। भावांतर की राशि किसानों के बैंक खातों में सरकार जमा करवायेगी। सूखे की स्थिति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सहायता के लिये आपात योजना बना रहे हैंए किसान बिल्कुल चिंता नहीं करेंए सरकार उनका पूरा ध्यान रखेगी। विद्युत के अस्थायी कनेक्शन दो माह के अवधि के लिये भी मिलेंगे। अब जले ट्रांसफामरों को बदलने के लिये मात्र बीस प्रतिशत राशि अग्रिम देना होगी।

गरीब कल्याण एजेंडा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि गरीब को भरपेट भोजन मिलेए इसलिये एक रुपये किलो गेहूँए चावलए नमक दिया जा रहा है। प्रदेश में जन्मे हर गरीब के पास रहने लायक भूमि के टुकड़े का अधिकार कानून बनाकर दिया है। इसे भू.अधिकार अभियान द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है।वर्ष 2022 तक सभी गरीबों को छत मिल जायेगी। सौभाग्य योजना में हर गरीब घर को निरूशुल्क विद्युत कनेक्शन मिलेगा। उज्जवला योजना से माताओं.बहनों को चूल्हे पर खाना बनाने से होने वाली बीमारियों से निजात दिलायी है। चौहान ने शिक्षा के लिये बच्चों को प्रोत्साहित करने की योजनाओं का जिक्र करते हुए दसवींए ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों से कहा कि उनके लिये यह समय भविष्य की नींव के निर्माण का है। खूब मेहनत से पढ़ाई करें और अच्छे नम्बर लाने का प्रयास करें। फीस की चिंता नहीं करें। फीस सरकार भरवायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को विवाह शिक्षा और उपचार से लेकर सभी जिम्मेदारियाँ निभाने में सरकार सहयोग करेगी। बेटियों को परिवार बोझ नहीं समझें। मुख्यमंत्री कन्यादानध्निकाह योजनाएं संचालित की गई हैं। सभी गरीबों को उनके कल्याण के लिये संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये गरीब कल्याण पोर्टल के नाम से एकीकृत पोर्टल की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने दिल से कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद करते हुए आज रोजगार के मुद्दे पर बात करते हुये बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगारए युवा उद्यमी और अन्य आर्थिक कल्याण योजनाएं संचालित हैं।

मध्य प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को हराकर की जीत की शुरुआत

भोपाल, 13 नवम्बर (ए)।राजधानी स्थित टीण्टीण् नगर स्टेडियम में आज से पांच दिवसीय अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता के अंतर्गत आज सुबह 6.00 बजे से सांय 7.00 बजे तक कुल 13 मैच खेले गए। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतों की बीस टीमें भागीदारी कर रही हैं।

अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज सुबह खेले गए पहले मैच में मध्यप्रदेश की टीम ने उत्तर प्रदेश सेक्रेटरिएट को 40.32 अंको के अंतर से परास्त किया। हॉफ टाइम में मध्य प्रदेश की टीम 25.21 अंकों से आगे थी। मध्य प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को 8 अंकों से जीत दिलाई। टीम को जीत दिलाने मे मध्यप्रदेश टीम के खिलाड़ी पवन मिश्रा ने सर्वाधिक 11ए अजय घोसरे ने 8 और दामोदर आर्य ने 6 अंकों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं मे मध्य प्रदेश की टीम चार बार उप विजेता रही है।

दूसरे मुकाबले में सेंट्रल सेक्रेटरिएट ने केरला सेक्रेटरी को 86.52 के अंतर से हराया। हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच खेले गये मुकाबले में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 78.48 के अंतर से परास्त किया। इसी तरह तमिलनाडु ने तेलंगाना को 53.18, दिल्ली ने गुजरात को 65.51, राजस्थान ने पाण्डुचेरी को 56.24 के अंतर से पराजित किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत आज देर शाम तक 7 टीमों के मध्य मुकाबले खेले गए।